
घास grass तृण – घास (grass) एक हरा पौधा है। इसके प्रत्येक गाँठ से रेखीय पत्तियाँ निकलती हुई दिखाई देती हैं। साधारणतः यह कमजोर, शाखायुक्त, रेंगनेवाला पौधा है। बाँस, मक्का तथा धान के पौधे भी घास ही हैं।



रेल की पटरी rail line रेल की पटरी– हमारे यहां यात्री ट्रेन और मालगाड़ियां दोनों एक ही पटरी पर चलती हैं। मालगाड़ी की गति धीमी होती है, ऐसे में इन गाड़ियों को रास्ता देने के लिए यात्री ट्रेनों को रोका जाता है तथा इससे दोनों ट्रेनें विलंब से चलती हैं।" उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया की बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है तब बेहतरीन कनेक्टिविटी देश की प्राथमिकता है।




रेलगाड़ी The train रेलगाड़ी– रेल (Rail) परिवहन का एक जरिया है जिसमें यात्रियों और माल को पटरियों पर चलने वाले वाहनों पर एक स्थान से दुसरे स्थान ले जाया जाता है। पारम्परिक रूप से रेल वाहनों के नीचे पहियें होते हैं जो इस्पात (स्टील) की बनी दो पटरियों पर संतुलित रूप से चलते हैं, लेकिन आधुनिक काल में चुम्बकीय प्रभाव से पटरी के ऊपर लटककर चलने वाली 'मैगलेव' (maglev) और एक पटरी पर चलने वाली 'मोनोरेल' जैसी व्यवस्थाएँ भी रेल व्यवस्था में गिनी जाती हैं। रेल की पटरी पर चलने वाले वाहन अक्सर

एक लम्बी पंक्ति में एक दुसरे से जंजीरों से जुड़े हुए डब्बे होते हैं जिन्हें एक या एक से अधिक कोयले, डीजल, बिजली या अन्य ऊर्जा से चलने वाला इंजन (engine) खेंचता है। इस तरह से जुड़े हुए डब्बों और इंजनों को 'रेलगाड़ी' या 'ट्रेन' (train) बुलाया जाता है।




काँप Tremble फड़कना– पैनिक अटैक (घबड़ाहट के दौरे), तीव्र भय या घबड़ाहट के दौरों को कहते हैं जो अचानक पैदा होते हैं और अपेक्षाकृत छोटी अवधि के होते हैं। घबड़ाहट के दौरे आम तौर पर अचानक शुरू होते हैं, 10 मिनट के अंदर चरम अवस्था तक पहुँच जाते हैं और मुख्यतः 30 मिनट के डीएसएम–IV के अंदर खत्म हो जाते हैं। घबड़ाहट के दौरे 15 सेकण्ड की अल्पावधि से लेकर कभी–कभी घंटों तक जारी रहने वाले या आवर्ती (साइक्लिक) भी हो सकते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अनुसार, उन परिस्थितियों में जहाँ पहले भी दौरे पड़ चुके हैं, पीड़ित व्यक्ति अक्सर दौरों के बीच गंभीर पूर्वाभासी आशंका और सीमित लक्षण वाले दौरों का अनुभव करते हैं।



उपाय Remedy इलाज – घरेलू उपचार (home remedy) या घरेलू नुस्खे किसी रोग की चिकित्सा की वह विधि है जिसमें जडी–बूटियों, मसाले, सब्जियों या आसानी से उपलब्ध

सामग्री का उपयोग किया जाता है। जरूरी नहीं है कि घरेलू उपचारों में रोग के निवारण वाले तत्व होते ही हों। अधिकांशतः ये परम्परागत रूप से एक पीढी से दूसरी पीढी को हस्तान्तरित होते रहते हैं। इसमें से बहुत से उपचारों की कुशलता को प्रदर्शित भी किया जा चुका है।



वाहन Vehicle सवारी– गाड़ी, मोटरवाहन , कार, मोटरकार या ऑटोमोबाइल एक पहियों वाला वाहन है, जो यात्रियों के परिवहन के काम आता है और जो अपना इंजन या मोटर भी स्वयं उठाता है। इस शब्द की अधिकांश परिभाषाओं के अनुसार मोटरवाहन मुख्य रूप से सड़कों पर चलाने के लिए हैं, एक से आठ लोगों कों बैठाने के लिए हैं, आमतौर पर जिनके चार पहिये होते हैं, जिनका निर्माण मुख्य रूप से सामान, के उपेक्षा लोगों के परिवहन के लिए किया जाता है।



ओढ़नी viel दुपट्टा – भारतीय परिधान सलवार कुरता का एक अभिन्न अंग है। सलवार कुर्ते के तीसरे वस्त्र को दुपट्टा कहा जाता है। दुपट्टा 'चुन्नी', 'ओढ़नी', 'शाल' एवं अन्य नामों से जाना जाता है। दुपट्टे का प्रयोग प्राचीन काल से घाघरे, साड़ी अथवा सलवार सूट के साथ किया जाता रहा है। ग्रामीण भारतीय महिलाएं दुपट्टे को सर पर इस तरह से ढकती हैं ताकि उनके सर व चेहरे का अधिकतर भाग दुपट्टे से ढका रहे। यह प्रथा भारत के उत्तरी हिस्सों में खास तौर पर देखने को मिलती है। नए जमाने में दुपट्टे ने अलग रूप ले लिया है और बहुत से फैशन डिजाइनर दुपट्टे को परिवर्तित करके अंतर्राष्ट्रीय फैशन में इसे वरीयता दिला चुके हैं। दुपट्टा भारतीय एवं पाकिस्तानी फैशन में स्त्री एवं पुरुष दोनों के बीच लोकप्रिय है। हिन्दू और मुस्लिम विवाह में जहाँ एक और दुल्हन दुपट्टे से अपना सर ढकती है वही दूसरी ओर दूल्हा दुपट्टे का प्रयोग शेरवानी के साथ करता है।



संकेत Indication इशारा – इलेक्ट्रॉनिकी एवं संकेत प्रसंस्करण के सन्दर्भ में, संकेत (पहदंस) से आशय किसी परिघटना से सम्बन्धित सूचना से है। उदाहरण के लिए, किसी विद्युत इस्तरी (प्रेस) में लगा हुआ द्विधात्विक स्ट्रिप एक संकेत प्रदान करती है कि इस्तरी का तापमान एक सीमा से अधिक है या कम। इसी संकेत के आधार पर उस इस्तरी की विद्युत सप्लाई को चालू या बन्द किया जाता है ताकि इस्तरी का ताप एक सीमा के अन्दर (अर्थात न बहुत कम, न बहुत अधिक) बनाए रखा जा सके। इसी प्रकार, टीवी का रिमोट एक संकेत पैदा करता है और उसे टिवी की ओर भेजता है जिससे टिवी के चौनेल, ध्वनि की तीव्रता आदि को नियन्त्रित किया जाता है।

संकेत मोटे तौर पर दो रह के होते हैं,

(१) अनुरूप संकेत या एनालॉग संकेत –– किसी तापयुग्म से प्राप्त वोल्टता एक एनालॉग संकेत है जो तापमान की सूचना देती है।

(२) अंकीय संकेत या डिजिटल संकेत –– किसी रेफ्रिजिरेटर में स्थित द्विधात्विक स्ट्रिप (बाइमेटैलिक स्ट्रिप) से एक डिजिटल संकेत मिलता है जिसका उपयोग फ्रिज को ठण्दा करने वाली प्रणाली की विद्युत शक्ति को बन्द या चालू करने के लिए किया जाता है।

संचार, संकेत प्रसंस्करण और सामान्य रूप से विद्युत इंजीनियरी के सन्दर्भ में समय के साथ परिवर्तनशील या अवकाश के साथ परिवर्तनशील (patial & varying) कोई भी राशि संकेत (ignal) कहलाती है।

Brainbox
learn easy

